>

Title: Need to accord approval to the establishment of Integrated Ayush hospital in Maharajganj district, Uttar Pradesh-laid.

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज): आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय आयुष मिशन योजना के अंतर्गत जनपद महराजगंज, उ.प्र. में 50 बेड का एक इन्ट्रगेटेड आयुष अस्पताल की स्थापना किये जाने के संबंध में उ.प्र. सरकार द्वारा एक प्रस्ताव आपके मंत्रालय को प्रेषित किया गया है । इस अस्पताल की स्थापना से महराजगंज जिले के लोगों को आयुष पद्धति की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी । इस संबंध में मैंने पूर्व में भी अनुरोध किया है ।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनहित में जनपद महराजगंज उ0प्र0 में 50 बेड का इन्ट्रीगेटेड आयुष अस्पताल की स्थापना किये जाने के संबंध में प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें ।